**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 31.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

*******************

झारखंड अधिविद्य परिषद–जैक ने आज इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। जैक परिसर में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने इंटरमीडिएट विज्ञान और कॉमर्स का रिजल्ट जारी किया। इंटरमीडिएट विज्ञान में 99 हजार 131 विद्यार्थी शामिल हुए थे जबकि कॉमर्स में 22 हजार 175 छात्रों ने परीक्षा दी थी। कॉमर्स में 91 दशमलव शून्य दो प्रतिशत छात्र–छात्राएं सफल हुए हैं जबकि साइंस में 79 दशमलव दो छह प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। दोनों संकायों में इस बार लड़कियों ने बाजी मारी है।

*******************

रांची जिले के कांके प्रखंड के  नगड़ी में राज्य सरकार की ओर से रिम्स टू के निर्माण के लिए जमीन की मापी की जा रही है। ग्रामीणों के विरोध के कारण यहां पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। वहीं

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी का दौरा किया। इस दौरान श्रीमरांडी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य बनने के बाद झारखंड में आदिवासियों को जमीन से बेदखल किया जा रहा है। उनके कृषि योग्य भूमि पर निर्माण कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

*******************

झामुमो के महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने भाजपा पर सेना के राजनीतिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से घर–घर सिंदूर बांटने का एक राजनीतिक कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह भारतीय महिलाओं और सनातन धर्म के साथ क्रूर मजाक है।

*******************

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इसपर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा सिंदूर यात्रा निकाले जाने की खबर बेबुनियाद है। श्री शाहदेव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता से बदहवास होकर इंडी गठबंधन के नेता अब फेक न्यूज़ पर भी अपनी प्रतिक्रिया देने लगे हैं।

*******************

राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या छह तक पहुंच गयी है। राजधानी रांची में मिले चार संक्रमितों के बाद जमशेदपुर में भी दो पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इस बीच स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों को एडवायजरी जारी की है। उन्होंने सैंपलों को रिम्स भेज जीनोम सिक्वेंसिंग कराने का भी निर्देश दिया है। आज राज्य के सभी जिलों में ऑक्सीजन इंफ्रास्ट्रक्चर की मॉक ड्रिल की जायेगी।

*******************

*******************

हजारीबाग ओपन जेल में बंद एक नक्सली ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्मसमर्पण करने वाला नक्सली छोटा श्यामलाल देहरी की आत्महत्या की पुष्टि जेल प्रशासन ने की है। उसने कुछ वर्ष पूर्व आत्मसमर्पण किया था और वर्ष 2021 में उसे दुमका से हजारीबाग शिफ्ट किया गया था। 30 वर्षीय छोटा श्यामलाल दुमका के काठीकुण्ड थाना क्षेत्र का रहने वाला था और वह आठ मामलों में विचाराधीन था। घटना की सूचना राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और संबंधित विभाग को दे दी गई है। जेल प्रशासन आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गया है।

*******************

लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र में आज एक ट्रक पलट गया। इस ट्रक में लोहे का चदरा लदा है। इस दुर्घटना में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

********************

मौसम विभाग ने आज भी राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक आज 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है।

********************

ओलंपियन सलीमा टेटे समेत झारखंड की कई खिलाड़ियों को हॉकी की बारीकियां सिखाने वाली कोच प्रतिमा बरवा की स्थिति बेहद गंभीर है। 29 मई को खूंटी में पैरालिसिस अटैक के बाद उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आज उनके निधन की खबर आयी थी लेकिन अस्पताल ने अब से थोड़ी देर पहले अपने मेडिकल बुलेटिन में कहा है कि प्रतिमा बरवा का मेडिकल डेथ नहीं हुई है और दोबारा उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है।

****************